सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

24 आषाढ़, 1933 शकाब्द

संख्या 504

राँची, शुक्रवार 15 जुलाई, 2011

विधि (विधान) विभाग

अधिसूचना

15 जुलाई, 2011

संख्या एल०जी०–08 / 2011–89 / लेज०,–झारखण्ड विधान मंडल का निम्नलिखित अधिनियम, जिस पर राज्यपाल दिनांक 12 जुलाई, 2011 को अनुमति दे चुके हैं, इसके द्वारा सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किया जाता है :–

[झारखण्ड अधिनियम संख्या 11, 2011]

झारखंड स्थानीय क्षेत्र में उपभोग अथवा व्यवहार हेतु वस्तुओं के प्रवेश पर प्रवेश कर अधिनियम, 2011

झारखंड राज्य के बाहर से इसके स्थानीय क्षेत्रों में उपभोग अथवा व्यवहार हेतु कतिपय वस्तुओं के झारखंड राज्य में प्रवेश पर कर की वसूली हेतु अधिनियम।

जबकि राज्य में व्यापार, आधारभूत संरचना, वाणिज्य एवं उद्योग के विकास के उद्देश्य से एक कोष का निर्माण करना आवश्यक है और जिसके लिए झारखंड राज्य के स्थानीय क्षेत्रों में उपभोग अथवा उपयोग हेतु कतिपय वस्तुओं के प्रवेश पर कर लगाना वांछित है;

एतद् द्वारा भारतीय गणराज्य की स्थापना के 62वें वर्ष में, झारखंड विधानमंडल द्वारा यह अधिनियम लागू किया जाता है, जो इस प्रकार है:

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ** — (1) इस अधिनियम को झारखंड स्थानीय क्षेत्र में उपभोग अथवा व्यवहार के लिए वस्तुओं के प्रवेश पर प्रवेश कर अधिनियम, 2011 कहा जा सकेगा।

(2) इसका प्रसार संपूर्ण झारखण्ड राज्य में होगा।

(3) यह सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना निर्गमन से नियत की जानेवाली तारीख से प्रवृत्त होगा।

2. **परिभाषाएं** — (1) इस अधिनियम में, जबतक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित ना हो:—

(ए) **"निर्धारिती"** का अर्थ है अनुसूचीबद्ध वस्तु का कोई ऐसा आयातक, जो चाहे व्यवसाय के लिए अथवा अन्यथा, जिसके द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत कोई कर अथवा कोई अन्य राशि का भुगतान देय है, और जिसमें प्रत्येक ऐसा आयातक/व्यक्ति शामिल है, जिसके लिए इस अधिनियम के अंतर्गत उसके द्वारा देय कर के कर–निर्धारण के संदर्भ में कोई कार्यवाही की जानी है;

(बी) **"व्यवसाय"** का अर्थ है कोई भी व्यापार, वाणिज्य, विनिर्माण अथवा उद्यम अथवा अन्यथा अथवा व्यापार, वाणिज्य, विद्युत के उत्पादन या वितरण, दूरसंचार नेटवर्क, विनिर्माण के स्वभाव से संबंधित, ऐसा कोई व्यापार, वाणिज्य, विनिर्माण, उद्यम, जो मुनाफा कमाने के उद्देश्य से शुरू किया गया हो अथवा नहीं, और चाहे ऐसे व्यापार, वाणिज्य, विनिर्माण, उद्यम अथवा इससे संबंधित कोई मुनाफा कमाया गया हो अथवा नहीं, और जिसमें ऐसे व्यापार अथवा सेवाएं, वाणिज्य, विनिर्माण, उद्यम अथवा इससे संबंधित अथवा आकस्मिक अथवा आनुषंगिक वस्तुओं का कोई भी लेन–देन किया गया हो, अथवा ऐसा कोई लेन–देन, जिसमें वह वस्तु अपने मूल स्वरूप में हो अथवा ना हो, अथवा द्वितीय उपभोक्ता वस्तु, ठीक ना होनेवाली वस्तु, खराब या बेकार वस्तु, रद्दी अथवा कचरा वस्तु, जो रद्दी–वस्तु के के स्वरूप में खरीदा गया हो, अन्य वस्तुओं के विनिर्माण अथवा उत्पादन की प्रक्रिया में उत्पादित हुआ हो अथवा खनन अथवा प्रसंस्करण अथवा बिजली के उत्पादन और वितरण की प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त किया गया हो।

(सी) इस अधिनियम के लिए **"आयुक्त"** का अर्थ है वाणिज्य–कर आयुक्त अथवा वाणिज्य–कर अपर आयुक्त, जिन्हें सरकार द्वारा झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम 2005 (झारखंड अधिनियम 5, 2006) की धारा 4 के अधीन नियुक्त किया गया हो, और जिसमें झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम 2005 की धारा 4 के अधीन नियुक्त अन्य कोई अधिकारी शामिल है, जिसके लिए राज्य सरकार अधिसूचना जारी कर, इस अधिनियम के उद्देश्यों के निर्वहन हेतु आयुक्त की किसी एक या सभी शक्तियों और दायित्वों का निर्धारण पर सकती है।

(डी) **"उपभोग अथवा व्यवहार"** : इस अधिनियम में अन्यत्र कहीं भी उपयुक्त के अनुरूप; जिसका अर्थ है विनिर्माण, विद्युत के उत्पादन या वितरण, दूरसंचार नेटवर्क, कार्य अनुबंध, भवन निर्माण, उत्थापन, उत्पादन, संयोजन, अधिष्ठापन, संशोधन, आरंभण, मरम्मत, भवनों, संयंत्रों के बाहर समस्त प्रकार के निर्माण कार्य, जिसमें जल/नदी परियोजनाएं, सड़क, पुल सभी शामिल हैं, जिन्हें किसी व्यवसाय के रूप में अथवा अन्यथा शुरू किया गया हो, लेकिन इसमें पंजीकृत विक्रेताओं द्वारा अथवा इनके उपयोग अथवा उपभोग हेतु किसी भी स्थानीय क्षेत्र में आयातित अथवा आयात संबंधी वस्तुएं शामिल नहीं हैं, जिनका कर योग्य वस्तुओं के निर्माण में उनके द्वारा सीधे उपभोग या उपयोग किया गया हो।

(ई) अपनी समस्त व्याकरण संबंधी विविधताओं एवं सजातीय व्याख्याओं सहित **"वस्तुओं के प्रवेश"** का अर्थ है, अनुसूचीबद्ध वस्तुओं का राज्य के बाहर किसी भी स्थान से यहाँ उपभोग अथवा उपयोग के लिए स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश।

(एफ) **"कोष"** का अर्थ है, राज्य के स्थानीय क्षेत्रों में व्यापार, आधारभूत संरचना, वाणिज्य और उद्योग के विकास के उद्देश्य से निर्मित "झारखंड वाणिज्य विकास कोष" जिसके संदर्भ में उस

अवधि के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से अपने शासकीय राजपत्र में अधिसूचना निर्गत कर निर्देशित किया गया हो।

(जी) **"वस्तुएं"** का अर्थ है समस्त प्रकार की चल संपत्ति (अखबार, कार्रवाई योग्य दावे, बिजली, स्टॉक और शेयर और प्रतिभूतियों के अतिरिक्त), और जिसमें वे सभी सामग्रियाँ, किसी भी स्वरूप में बेचे जानेवाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, मोबाईल टेलीफोन में इस्तेमाल होनेवाले सिम कार्ड, अथवा कोई भी अन्य सक्रिय की जानेवाली वस्तुएं, उत्पाद, वस्तुएं और सभी प्रकार की संपत्तियाँ (जो वस्तु अथवा किसी भी अन्य स्वरूप में हो) शामिल हैं, जिन्हें किसी कार्य अनुबंध को पूरा करने के लिए उपयोग में लाया गया हो।

(एच) **"सरकार"** का अर्थ है झारखंड सरकार।

(आई) **"आयातक"** का अर्थ है कोई भी ऐसा व्यक्ति, जो किसी भी अनुसूचीबद्ध वस्तु का, चाहे वह अपने खाते में हो अथवा किसी संपत्ति के खाते में हो अथवा किसी अन्य व्यक्ति के खाते में, जो राज्य के बाहर किसी भी स्थान से स्थानीय क्षेत्र में उपयोग अथवा उपभोग के लिए आयात करता है या करवाता है, अथवा जिसके पास स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश के समय इस प्रकार की वस्तुएं हों।

व्याख्या : इस अधिनियम के उद्देश्य से आयात के अंतर्गत देश के बाहर से आयातित वस्तुए शामिल नहीं हैं।

(जे) **"इनपुट"** का अर्थ है व्यवसाय के लिए खरीदी गयी अनुसूचीबद्ध वस्तुएं और जिन्हें – (ए) बिक्री हेतु कर योग्य वस्तुओं के निर्माण अथवा उत्पादन में उपयोग के लिए, अथवा (बी) खनन में इस्तेमाल के लिए अथवा कंटेनर के रूप में इस्तेमाल के लिए अथवा बिक्री हेतु कर योग्य वस्तुओं की पैकिंग सामग्री के रूप में इस्तेमाल के लिए अथवा (सी) कार्य अनुबंध को पूरा करने के लिए खरीदा गया हो।

(के) **"स्थानीय क्षेत्र"** का अर्थ है, एक निर्धारित सीमा के अंतर्गत क्षेत्र –

(ए) नगर निगम
(बी) नगर पालिका
(सी) अधिसूचित क्षेत्र समिति
(डी) छावनी बोर्ड
(ई) टाउन बोर्ड
(एफ) खान बोर्ड
(जी) नगर परिषद
(एच) ग्राम पंचायत

कोई भी अन्य स्थानीय प्राधिकारी अथवा किसी भी नाम से बुलाया जानेवाला अधिकारी, जिसे कुछ समय के लिए लागू कोई भी कानून में अथवा इसके अंतर्गत गठित किया गया हो अथवा जिसके कार्यकाल को आगे बढ़ाया गया हो।

(एल) **"विनिर्माण"** के अंतर्गत ऐसी कोई भी गतिविधि शामिल है जिसमें किसी भी सामग्री अथवा सामग्रियों अथवा वस्तुओं के मूल रूप को किसी भी प्रक्रिया, उपचार, श्रम द्वारा और किसी नए और अलग स्वरूप में परिवर्तित किया गया हो, जिसे व्यावसायिक जगत में एक अलग और खास नाम से पुकारा जाता हो, लेकिन इसमें निर्माता की ऐसी कोई गतिविधि शामिल नही है, जिसे इस अधिनियम में अधिसूचित ना किया गया हो।

(एम) **"माह"** का अर्थ है कैलेंडर माह।

(एन) **"अधिसूचना"** का अर्थ है सरकार के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित कोई अधिसूचना।

(ओ) **"व्यक्ति"** में शामिल है:

(ए) एक व्यक्ति (बी) एक संयुक्त परिवार
(सी) एक कंपनी (डी) कोई फर्म
(ई) व्यक्तियों का एक संघ अथवा व्यक्तियों की एक समिति, चाहे शामिल किया गया हो या नहीं,
(एफ) केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा किसी अन्य राज्य की सरकार अथवा भारत का कोई केंद्र शासित प्रदेश,
(जी) एक स्थानीय प्राधिकरण अथवा किसी भी कानून द्वारा स्थापित प्राधिकरण

(पी) **"व्यवसाय स्थल"** का अर्थ है कोई भी ऐसा स्थान जहाँ व्यक्ति अपना व्यवसाय चला रहा है अथवा ऐसी कोई भी गतिविधि, जो व्यबसाय के लिए हो अथवा ना हो, अथवा अन्यथा हो, जिसमें शामिल है:–

(i) कोई वेयरहाउस, गोदाम या कोई ऐसी जगह जहाँ व्यक्ति अपनी वस्तुओं का उत्पादन करता है अथवा इन्हें संरक्षित रखता है,

(ii) कोई भी स्थान जहाँ व्यक्ति वस्तुओं का उत्पादन अथवा निर्माण करता है

(iii) कोई भी स्थान जहाँ व्यक्ति अपने लेन–देन के खातों को सुरक्षित रखता है

(iv) ऐसे मामलों में जहाँ व्यक्ति एजेंट (चाहे उसे किसी भी नाम से बुलाया जाए) के जरिए व्यवसाय का संचालन करता है, ऐसे एजेंट के व्यवसाय का स्थान,

(v) कोई भी वाहन या पोत (वैसल) अथवा कोई अन्य मालवाहक, जिसमें सामग्रियों को सुरक्षित रखा जाता हो अथवा जिसका उपयोग वस्तुओं की ढुलाई में उपयोग होता हो,

(क्यू) **"विहित"** का अर्थ है इस अधिनियम के अंतर्गत निर्मित नियमों द्वारा विहित

(आर) **"विहित प्राधिकारी"** का अर्थ है ऐसे प्राधिकारी जिन्हें झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम 2005 (झारखंड अधिनियम 5, 2006) की धारा 4 के अधीन और उपरोक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत नियुक्त किया गया हो, जिनको उपरोक्त अधिनियम के अंतर्गत अथवा उक्त अधिसूचना में तत्संबंधी उल्लिखित विवरणों से संबंधित क्षेत्रों में, क्रमशः अपने दायित्वों के निर्वहन एवं शक्तियों के प्रयोग की जिम्मेदारी सौंपी गयी हो, जिसके लिए इस अधिनियम के उद्देश्यों के अनुरूप प्रक्रियाओं को पूरा करने, दायित्वों के निर्वाह और शक्तियों के प्रयोग की बात कही गयी है।

(एस) **"तिमाही"** का अर्थ है 30 जून, 30 सितंबर, 31 दिसंबर और 31 मार्च को समाप्त होनेवाली तिमाही।

(टी) **"निबंधित व्यवसायी"** का अर्थ है झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की शर्तों के अंतर्गत निबंधित कोई व्यवसायी, जिसे विशेषकर कर योग्य वस्तु के निर्माण/खनन और बिक्री के उद्देश्य से निबंधित किया गया हो, और जिसमें ऐसे निबंधित व्यवसायी/व्यक्ति शामिल हैं, जिन्हें उपरोक्त अधिनियम की शर्तों और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुरूप व्यवसाय की स्थापना के लिए निबंधित किया गया है।

व्याख्या : इस अधिनियम के अंतर्गत निबंधित व्यवसायी के लिए: ऐसे निबंधित व्यवसायी शामिल नहीं हैं जिन्हें झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की शर्तों के अंतर्गत निबंधित किया गया है और जो बिजली अथवा बिजली के किसी भी स्वरूप के उत्पादन, वितरण और प्रसार के कार्य में संलग्न हैं अथवा दूरसंचार नेटवर्क से जुड़े हैं।

(यू) **"अनुसूची"** का अर्थ है इस अधिनियम के साथ संलग्न अनुसूची।

(वी) **"राज्य"** का अर्थ है झारखंड राज्य।

(डब्ल्यू) **"कर योग्य वस्तुओं"** का अर्थ है झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की अनुसूची–II के साथ संलग्न वस्तुएं, जिनपर उक्त अधिनियम और इसके अंतर्गत वर्णित नियमों के अनुसार कर लगाया जा सकता है।

(एक्स) **"कर"** का अर्थ है इस अधिनियम के अंतर्गत लगाया जानेवाला प्रवेश कर।

(वाई) **"कर चालान"** का अर्थ है वह दस्तावेज जिसमें अनुसूचीबद्ध वस्तुओं की सूची इनके मूल्य, मात्रा, और अन्य विवरणों सहित बैंक खाते का विवरण, बिल, नगदी पंजी, पर्ची, रसीद अथवा इसी प्रकार के अन्य दस्तावेज, चाहे वह किसी भी स्वरूप में हों, जिसे झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 60 की शर्तों एवं इसके अंतर्गत वर्णित नियमों के साथ पढ़ा जाए।

(जेड) **"करारोप्य सकल आवर्त"** का अर्थ है वह सकल आवर्त), जिसपर किसी भी निर्धारिती यानी निर्धारिती पर उसके कुल व्यवसाय के कर–निर्धारण के लिए अधिनियम में निर्देशित के अनुसार कटौती के बाद निर्धारित कर के भुगतान का दायित्व बनता है।

(एए) **"न्यायाधिकरण"** का अर्थ है झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 05 की धारा 03 और इसमें वर्णित नियमों के अंतर्गत गठित किया गया न्यायाधिकरण।

(एबी) किसी भी अनुसूचीबद्ध वस्तु के संदर्भ में **"अनुसूचीबद्ध वस्तुओं के मूल्य"** का अर्थ है निम्नांकित का कुल योग :

(i) इस प्रकार की वस्तुओं के लिए भुगतान की गयी या भुगतान की जानेवाली राशि अथवा अगर इन वस्तुओं का मूल्य उपलब्ध नहीं हो, तो स्थानीय क्षेत्रों में इन वस्तुओं का वर्तमान बाजार मूल्य,

(ii) इस प्रकार की वस्तुओं के लिए किसी भी स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश से पहले भुगतान किया गया या किया जानेवाला कोई कर, कर अथवा प्रभार, जिसमें केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम 1956 की शर्तों के अनुरूप भुगतान की गयी केन्द्रीय बिक्री कर शामिल नहीं है,

(iii) इस प्रकार की वस्तुओं के संदर्भ में किसी भी स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश से पहले भुगतान किया गया या किया जानेवाला बीमा, भंडारण, लोडिंग की लागत, खाली करने की लागत, और अन्य आकस्मिक शुल्क, और

(iv) इस प्रकार की वस्तुओं को इन स्थानीय क्षेत्रों तक पहुँचाने में ढुलाई और सुपुर्दगी की लागत

(एसी) **"कार्य संविदा"** से अभिप्रेत है नकद अथवा आस्थगित भुगतान अथवा अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए निर्माण कार्य, किसी भवन, सडक, पुल अथवा अन्य अचल अथवा चल संपत्ति का निर्माण, फिटिंग, सुधार अथवा मरम्मत के लिए करार।

(एडी) **"वर्ष"** का अर्थ है वित्तीय वर्ष।

उन शब्दों या व्याख्याओं को, जिनका यहाँ प्रयोग किया गया है लेकिन जिन्हें पारिभाषित नहीं किया गया है, उनका अर्थ झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 05 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुरूप होंगे।

3. **प्रवेश कर का भुगतान**– (1) उप–धारा के प्रावधानों के अनुरूप (2) उप–धारा में वर्णित प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त (3) निर्धारिती पर लगाया जानेवाला और उसके द्वारा राज्य सरकार को भुगतान किया जानेवाला करः अनुसूचीबद्ध वस्तुओं पर, जिनका मूल्य दस हजार रुपए की सीमा को पार करेगा, उनके उपभोग अथवा उपयोग के लिए अनुसूची में वर्णित दर के अनुसार प्रवेश कर लगाया जाएगा।

यह कि राज्य सरकार द्वारा अलग–अलग श्रेणियों की वस्तुओं के उपभोग अथवा उपयोग के लिए करों की अलग अथवा अलग–अलग दरें निर्धारित की जा सकती हैं।

और यह भी कि प्रवेश कर की दर उपभोग अथवा व्यवहार की गयी अनुसूचीबद्ध वस्तुओं के मूल्य के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(2) अनुसूचीबद्ध वस्तुओं के आयातक द्वारा कोई भी प्रवेश कर देय नहीं होगा;

(ए) किसी निबंधित व्यवसायी द्वारा बेचा गया

(बी) रक्षा मंत्रालय और सीमा सुरक्षा बल की इकाईयों द्वारा उपयोग अथवा इस्तेमाल में लाया गया।

(सी) ऐसे किसी भी उद्देश्य के लिए उपयोग या इस्तेमाल किया गया जिसके लिए राज्य सरकार इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर इसके जनहित के होने पर छूट की घोषणा करती है, और इस प्रकार की छूट उक्त अधिसूचना में वर्णित शर्तों और प्रतिबंधों के अनुरूप हो सकती है।

(डी) किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग की गयी अथवा इस्तेमाल में लायी गयी अनुसूचीबद्ध वस्तु, जिसके लिए उसके पास राज्य के निबंधित व्यवसायियों से खरीद का कर चालान हो।

(3) उप–धारा (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार, उन शर्तों और प्रतिबंधों पर अधिसूचना जारी कर निबंधित व्यवसायियों द्वारा उपयोग अथवा उपभोग की गयी आवक वस्तुओं पर कर लगा सकती है।

(4) जब कोई निर्धारिती, अपने प्रत्येक व्यवसाय के लिए इस अधिनियम के अंतर्गत एक से अधिक निबंधन करा लेता है, तो उसपर प्रत्येक निबंधन के लिए अलग से कर देय होगा।

4. **कर का कोष (निधि) में विनियोजन** – (1) इस अधिनियम के अंतर्गत लगाया अथवा नियंत्रित किया जानेवाला प्रवेश कर को कोष (निधि) में विनियोजित कर दिया जाएगा, जैसा कि इस अधिनियम की धारा (2) के उपबंध (एफ) के अंतर्गत प्रावधान है।

(2) धारा 5 के अंतर्गत देय कर तबतक लगाया जाता रहेगा जबतक कि राज्य के अंदर इसमें किसी प्रकार की बुनियादी सुविधा अथवा सुधार, जैसे कि बिजली, सड़क, बाजार की परिस्थितियाँ आदि में व्यापार, वाणिज्य अथवा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बाजार की बेहतर परिस्थितियाँ तैयार करने की आवश्यकता नहीं होगी।

(3) "कोष" का उपयोग विशेषकर झारखंड राज्य में व्यापार, वणिज्य अथवा उद्योग के विकास के लिए किया जाएगा, जिसके अंतर्गत निम्नांकित बातें शामिल होंगी:–

(क) अपने द्वारा अधिशासित क्षेत्रों में बाजार और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने के लिए सड़कों और पुलों के निर्माण, विकास एवं रख–रखाव कार्य के लिए,

(ख) वित्तीय, औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाईयों को वित्तीय सहयोग, मदद, अनुदान और छूट देने के लिए,

(ग) उद्योगों, मार्केटिंग एवं अन्य व्यावसायिक परिसरों को विद्युत ऊर्जा और जल आपूर्ति की सुविधा देने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में,

(घ) सामान्य व्यापार, वाणिज्य और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अन्य प्रकार की बुनियादी सुविधाओं के निर्माण, विकास एवं रख–रखाव के लिए।

(4) राज्य सरकार, इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर, समुचित खातों के प्रमुखों अथवा इस संदर्भ में अधिसूचित ऐसे बैंकों के खातों में कर जमा करने के लिए निर्देश दे सकती है।

(5) राज्य सरकार एक अधिसूचना जारी कर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी, जो इस धारा में निष्पादित किए जानेवाले कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि के भुगतान की प्रक्रिया तय करेगी।

5. **कर का भुगतान** – (1) उपधारा 5 में वर्णित के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति जिसके द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत कर का भुगतान किया जाना है, चाहे वह इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो अथवा नहीं, ऐसी वस्तुओं के स्थानीय क्षेत्र में उपयोग अथवा उपभोग के लिए प्रवेह के महीने से लेकर संबंधित महीने के समाप्त होने के 15 दिनों के अंदर, निर्देशित तरीके से, धारा 3 के अंतर्गत उसके द्वारा देय कुल कर जमा राशि का भुगतान, सरकारी खजाने में करना होगा।

यद्यपि, जहाँ एसेसी द्वारा कर की राशि का भुगतान राज्य सरकार को निर्देशित तिथि के अंदर नहीं किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में एसेसी को 2% प्रतिमाह के दर से उस राशि पर ब्याज का भुगतान करना होगा, जिसका समय पर, जब से कर भुगतान की राशि बकाया चल रही है, तब से लेकर जबतक इसका भुगतान नहीं कर दिया जाता है।

व्याख्या :– इस उद्देश्य के लिए महीने का अर्थ होगा तीस दिन, और एक महीने से कम की अवधि में कर की बकाया राशि का भुगतान कर देने पर देय राशि का मूल्यांकन उसी तिथि के अनुसार किया जाएगा।

(2) इस निमित्त आयुक्त, किसी भी एसेसी के संदर्भ में भुगतान की तिथि को आगे बढा सकता है अथवा उसे इस अधिनियम के अंतर्गत ब्याज के साथ कर का भुगतान निर्देशित शर्तों और तरीकों के जरिए एक साथ करने की अनुमति दे सकता है।

(3) निबंधित निर्धारिती आधा प्रतिशत अथवा एक वर्ष में पच्चीस हजार रुपए, जो भी न्यूनतम हो, की छूट का तब हकदार होगा, अगर उसके द्वारा बकाया कर का भुगतान विहित अवधि के अंदर कर दिया जाता है

(4) इस धारा में संलग्न विवरणों के अतिरिक्त, निबंधित निर्धारिती को किसी भी अनुसूचीबद्ध वस्तु का आयात करने के लिए झारखंड मूल्यवर्द्धित कर नियमावली, 2006 के नियम 42 के उप नियम (2), (3), (4) में निर्देशित प्रपत्र को प्राप्त करना/जारी कराना होगा, और प्रवेश शुल्क का भुगतान उसमें वर्णित दरों के अनुसार करना होगा।

(5) उपधारा (4) में संलग्न विवरणों के अतिरिक्त, किसी एसेसी/व्यक्ति को, जो किसी भी अनुसूचीबद्ध वस्तु का आयात करने के लिए झारखंड मूल्यवर्द्धित कर नियमावली, 2006 के नियम 42 के उप नियम (1) में निर्देशित प्रपत्र को प्राप्त करना होगा, और उसमें वर्णित दरों के अनुसार प्रवेश शुल्क का भुगतान ऐसे प्रपत्र प्राप्त करने के समय करना होगा।

6. **निबंधन**– (1) कोई भी निर्धारिती, जिसपर इस अधिनियम के अंतर्गत कर अदायगी की देनदारी बनती है, और जिसके द्वारा आयातित अनुसूचीबद्ध वस्तुओं का सकल आवर्त मूल्य, एक वर्ष में पाँच लाख रुपए से अधिक होता है, उसे अनुसूची में वर्णित वस्तु का उपयोग अथवा उपभोग स्वयं करना होगा, जबतक कि उसे मान्य निबंधन प्रमाणपत्र निर्गत ना कर दिया गया हो।

(2) प्रत्येक निर्धारिती, जिसपर इस अधिनियम के अंतर्गत कर अदायगी की देनदारी बनती है, और जिसे पास उप–धारा (1) में वर्णित आवश्यक निबंधन प्रमाणपत्र निर्गत कराना हो, तो वह अपने प्रत्येक व्यवसाय के स्थान के संदर्भ में निबंधन के लिए विहित पदाधिकारी के पास उस तिथि से 30 दिनों के अंदर, जब से इस अधिनियम के अंतर्गत उसपर कर की देनदारी बनती है, आवेदन कर सकता है।

(3) निबंधन के लिए विहित विवरण के अनुसार, उसी प्रकार से, उसी स्वरूप में, और उसी विहित शुल्क राशि के साथ आवेदन किया जाना चाहिए।

(4) इस संदर्भ में विहित प्राधिकारी, आवेदन की प्राप्ति और उन जानकारियों को प्राप्त करने के बाद, जिसे वह स्वयं की संतुष्टि के लिए प्राप्त करना आवश्यक समझता हो, आवेदक को उक्त आवेदन को भरकर जमा करने की तिथि के तीस दिनों के अंदर निबंधन प्रमाणपत्र निर्गत कर सकता है।

7. **निरीक्षी पदाधिकारी** – (1) "उपायुक्त", सहायक आयुक्त, और वाणिज्य कर पदाधिकारी धारा 9 की उप–धारा (1) के लिए खातों के हिसाब–किताब के लिए निरीक्षी पदाधिकारी होगा।

(2) ऐसे निरीक्षी पदाधिकारी इस अधिनियम में वर्णित प्रावधानों और इसके अंतर्गत दिए गए नियमों को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से निर्देशित अपने दायित्वों का निर्वाह और शक्तियों का प्रयोग झारखंड मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम 2005 (अधिनियम 05, 2006) की धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत वर्णित अपने अधिशासी क्षेत्र के अंदर करेंगे।

(3) ऐसे प्रत्येक पदाधिकारी को भारतीय दंड संहिता की धारा 21, (1860 के अधिनियम 45) के तात्पर्य से एक सरकारी सेवक समझा जाएगा।

8. **अनुसूची में संशोधन करने की सरकार की शक्तियाँ** :– सरकार, इस अधिनियम में संलग्न अनुसूची में वर्णित करों की दरों में अधिसूचना द्वारा, जोड़कर अथवा हटाकर, अथवा संशोधन कर अथवा परिवर्तन कर अथवा पुनरीक्षण कर सकती है।

9. **खाते संबंधी किताबों/दस्तावेजों के संधारण और विवरणियों के समर्पण का दायित्व** – (1) प्रत्येक निबंधित निर्धारिती, जिसकी, इस अधिनियम के अन्तर्गत कर की देनदारी बनती है, इसमें निर्देशित अनुसार उन आंकड़ों को उसी तरीके से उसी स्वरूप में सुरक्षित रखना चाहिए, जिससे कि :–

(क) उसके द्वारा उपयोग अथवा उपभोग के लिए आयातित अनुसूचीबद्ध वस्तुओं की खरीदारी का विवरण,

(ख) उसके द्वारा उपयोग अथवा उपभोग के लिए राज्य के किसी किसी निबंधित व्यवसायी से खरीदी गयी अनुसूचीबद्ध वस्तुओं की खरीदारी का विवरण,

(ग) इस अधिनियम के अंतर्गत देय कर की राशि,

(घ) इस अधिनियम के अंतर्गत देय-ब्याज की राशि, अगर कोई हो और

(च) ऐसी कोई भी अन्य सामग्री जिसके लिए निर्देशित किया गया हो।

(2) प्रत्येक निबंधित निर्धारिती, जिसपर इस अधिनियम के अंतर्गत कर की देनदारी बनती है, उसे प्रत्येक माह के लिए सटीक, संपूर्ण और सही विवरणी, विहित प्रपत्र में, उसी तरीके से जमा कराना होगा।

(3) प्रत्येक निबंधित निर्धारिती, जिसपर इस अधिनियम के अंतर्गत कर की देनदारी बनती है, उसे सटीक, संपूर्ण और सही वार्षिक विवरणी, विहित प्रपत्र में, उसी तरीके से जमा कराना होगा।

(4) प्रत्येक निबंधित निर्धारिती, जिसपर इस अधिनियम के अंतर्गत कर की देनदारी बनती है, जिसके प्रपत्र में किसी प्रकार की असत्य जानकारी अथवा मिटायी गयी जानकारी मिलती है, वह मूल विवरणी जमा करने के छः महीने के अंदर, लेकिन वर्ष की समाप्ति के बाद जुलाई के एक महीने के बाद नहीं, अपना संशोधित विवरणी जमा कर सकता है।

यह कि ऐसे किसी भी विवरणी पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी सूचना विहित प्राधिकारी के कब्जे में आ गयी है, और विहित प्राधिकारी लिखित रूप उसे उक्त कारणों को उल्लिखित करेगा और समझेगा कि मूल रूप से जमा की गयी विवरणी जान–बूझकर असत्य अथवा राजस्व के खजाने को धोखा देने के उदेश्य से प्रस्तुत किया गया है।

10. **विवरणियों एवं कर–भुगतान के लिए दण्ड** :– (1) यदि कोई भी निबंधित निर्धारिती अथवा कोई अन्य व्यक्ति, जिसपर इस अधिनियम के अंतर्गत कर अदायगी की देनदारी बनती है, वह अपना विवरणी अथवा वार्षिक विवरणी विहित अवधि के अंदर जमा नहीं कर पाता है तो निर्धारित प्राधिकारी ऐसे निर्धारिती की सुनवाई के लिए मौका दे सकता है, जिसके लिए वह किसी महीने के प्रत्येक दिन के विलम्ब पर 20 रुपए से अधिक नहीं, का जुर्माना लगा सकता है, जो एक वर्ष में अधिक से अधिक 5000 रुपए तक हो सकता है,

(2) अगर किसी निर्धारिती या अन्य व्यक्ति पर धारा 3 और धारा 5 के अंतर्गत कर के भुगतान की देनदारी बनती है और वह निर्धारित तिथि के अंदर और साथ ही वह धारा 5 की उपधारा (1) और (2) के अंतर्गत देय कर का भुगतान नहीं कर पाता है, तो विहित प्राधिकारी ऐसे निर्धारिती/व्यक्ति की सुनवाई के लिए अनुमति दे सकता है, और उसे कर के साथ–साथ उसपर देय ब्याज के भुगतान का निर्देश दे सकता है, जिसपर कर की कुल राशि पर 2 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से जुर्माना, और इससे संबंधित बकाया तिथि से लेकर उसके भुगतान की तिथि तक, अथवा कर–निर्धारण के आदेश, जो भी पहले हो, पर ब्याज लगा सकता है।

11. **कर निर्धारण** :–

(1) अगर विहित प्राधिकारी निबंधित निर्धारिती की उपस्थिति की आवश्यकता को समझे बगैर अथवा खाते की जानकारी प्रस्तुत करने पर अथवा उसके द्वारा अन्य प्रमाण प्रस्तुत करने पर इस बात से संतुष्ट हो जाता है, कि ऐसे निर्धारिती द्वारा किसी नियत अवधि के लिए जमा किया गया विवरणी सही और संपूर्ण है, और वह उन प्रस्तुत किए गए प्रमाणों के आधार पर ऐसे निर्धारिती पर बकाया कर के निर्धारण के लिए आदेश पारित करेगा।

(2) (क) अगर विहित प्राधिकारी, निबंधित निर्धारिती की उपस्थिति की आवश्यकता को समझे बगैर अथवा खाते की जानकारी प्रस्तुत करने पर अथवा उसके द्वारा अन्य प्रमाण प्रस्तुत करने पर इस बात से संतुष्ट नहीं होता है, कि ऐसे निर्धारिती द्वारा किसी नियत अवधि के लिए जमा किया गया विवरणी सही और संपूर्ण है, और वह ऐसे निर्धारिती को निर्देशित विवरण के अनुरूप एक निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा ऐसे प्रमाणों को प्रस्तुत कर अथवा करवाकर निर्धारिती अपने समर्थन में भरोसा कायम कर सकता है।

(ख) सूचना में विहित तिथि अथवा इसके बाद जितनी जल्दी संभव हो, विहित प्राधिकारी, निबंधित विवरणी द्वारा प्रस्तुत किए जानेवाले प्रमाणों अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किसी भी कारणवश निदेर्शित ऐसे अन्य किसी भी प्रमाण पर सुनवाई करने के बाद ऐसे निर्धारिती की बकाया कर राशि का मूल्यांकन कर सकता है।

(3) अगर किसी निबंधित निर्धारिती द्वारा संबंधित अवधि के लिए प्रस्तुत किया गया विवरणी उप धारा (2) के अंतर्गत सूचना की सभी शर्तों को पूरा करने में असफल रहता है, अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए खाते एवं अन्य प्रमाण, विहित

प्राधिकारी की नजर में पूर्णतः या अंशतः असत्य, अपूर्ण अथवा अविश्वसनीय हैं, तो उक्त प्राधिकारी ऐसे निर्धारिती से बकाया कर की राशि का निर्धारण अपनी सर्वोत्तम विवेक के अनुसार करेगा।

(4) अगर निबंधित निर्धारिती किसी भी अवधि के संदर्भ में विवरणी दाखिल नहीं करता है तो, विहित प्राधिकारी द्वारा निर्धारिती के पक्ष की सुनवाई के लिए समुचित मौका देने के बाद, ऐसे एसेसी की देय कर राशि का निर्धारण स्वयं के निर्णय के आधार पर कर लिया जाएगा।

(5) अगर जानकारी उपलब्ध कराने के बाद अथवा अन्यथा, विहित प्राधिकारी इससे संतुष्ट हो जाता है कि इस बात के पर्याप्त आधार हैं, जिसमें एसेसी अथवा निबंधित निर्धारिती के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति तत्संबंधी अवधि के लिए कर की अदायगी का इरादा रखता है, और उसने जान–बूझकर निबंधन के लिए आवेदन ना करने की कोशिश नहीं की है, ऐसी स्थिति में विहित प्राधिकारी निर्धारिती अथवा ऐसे व्यक्ति की सुनवाई के लिए पर्याप्त मौका देने के बाद, कर की राशि, अगर कोई हो, संबंधित अवधि के लिए और तत्संबंधी सभी अवधियों के लिए ऐसे एसेसी अथवा किसी अन्य व्यक्ति के पास बकाया राशि का निर्धारण स्वविवेक के आधार पर करेगा और विहित अधिकारी निर्धारिती अथवा अन्य व्यक्ति को यह निर्देश भी जारी करेगा कि वह कर की आकलित राशि के अतिरिक्त जुर्माने का भुगतान अथवा आकलित कर की राशि के बराबर राशि, जो भी अधिक हो, उस अवधि के दौरान, जिसमें निर्धारिती अथवा कोई अन्य व्यक्ति निबंधन के लिए आवेदन करने में असफल रहा है, उस अवधि के प्रत्येक दिन के हिसाब से पचास रुपए से अधिक नहीं, के साथ करे।

यह भ, ऐसे कर–निर्धारण की स्थिति में इससे संबंधित तिथि से दो वर्ष की समाप्ति के पश्चात कोई भी कर–निर्धारण नहीं होगा।

और यह भी कि इस उपधारा के अंतर्गत कोई भी कार्यवाही प्रारंभ होने की तिथि से दो वर्ष के अंदर पूरी कर ली जाएगी।

12. कर–निर्धारण के पूर्व आयातित वस्तु के प्रवेश की जानकारी को छिपाया जाना :–

(1) अगर विहित अधिकारी, किसी भी कार्यवाही के दौरान अथवा अन्यथा इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि किसी निर्धारिती ने:–

(क) इस अधिनियम के अंतर्गत अपने द्वारा देय कर की राशि को कम करने के इरादे से उपभोग अथवा उपयोग की गयी वस्तु की लागत अथवा इससे संबंधित जानकारियों को छिपाया है, अथवा

(ख) धारा 9 उपधारा (2) के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए विवरणी में उपयोग अथवा उपभोग की गयी वस्तु के मूल्य से संबंधित असत्य दस्तावेजों को प्रस्तुत किया है,

ऐसी स्थिति में विहित प्राधिकारी ऐसे निर्धारिती के पक्ष की सुनवाई का समुचित मौका देने के बाद, लिखित रूप से एक आदेश जारी कर, धारा 11 के अंतर्गत आकलित अथवा आकलित की जानेवाली कर की राशि के अतिरिक्त जुर्माने के रूप में, उसे छिपाए गए कर अथवा असत्य जानकारियों पर, दोगुणे से अधिक नहीं, लेकिन कर की राशि के बराबर से कम नहीं, के भुगतान का निर्देश दे सकता है।

(2) उपधारा (1) के अंतर्गत जुर्माना, कर–निर्धारण पूरा होने और जुर्माने की राशि निर्धारित करने के पहले, विहित अधिकारी कर की राशि का अस्थायी निर्धारण कर सकता है।

13. प्रवेश कर से बचने के लिए कर–निर्धारण, अवकर–निर्धारण और लेखा परीक्षा टिप्पणियाँ:–

(1) अगर जानकारी होने के बाद अथवा अन्यथा विहित प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि किसी एसेसी द्वारा जमा किए जानेवाले कर में प्रवेश कर से बचने की कोशिश की है अथवा किसी कर का न्यूनतम निर्धारण किया है अथवा सही तरीके से देय राशि पर न्यूनतम दरों में कर का निर्धारण किया है, ऐसी स्थिति में विहित प्राधिकारी ऐसे एसेसी के पक्ष की सुनवाई का समुचित मौका देने के बाद, उस निर्धारिती द्वारा छिपायी गयी अथवा बचायी गयी राशि का पुनः कर–निर्धारण कर सकता है। धारा 11 के प्रावधान, चाहे जो भी हों, धारा 11 के अंतर्गत जारी की गयी सूचना के अनुरूप उसी प्रकार लागू होंगे।

(2) अगर विहित प्राधिकारी के पास इस बात को मानने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं, कि एसेसी ने इस्तेमाल की गयी अथवा बेची गयी वस्तु का, इस अधिनियम के अंतर्गत देय कर की राशि को छिपाने के इरादे से अवमूल्यन किया है, तो वह ऐसे किसी भी एसेसी को उपधारा (1) के अंतर्गत आकलित अथवा आकलित की जानेवाली कर की राशि के अतिरिक्त, जुर्माने के रूप में, दोगुने से ज्यादा नहीं लेकिन कर की राशि के बराबर से कम नहीं, की राशि के भुगतान का निर्देश दे सकता है, जिसका कर–निर्धारण उक्त कर की छिपायी गयी राशि के आधार पर किया जाएगा।

इस धारा की उपधारा (1) अथवा (2) के अंतर्गत ,मूल कर–निर्धारण के जारी होने की तिथ से आठ वर्ष की समाप्ति अविध से पहले कोई भी कार्यवाही नहीं शुरू की जाएगी।

(3) किसी भी कर–निर्धारण अथवा पुनः कर–निर्धारण के संदर्भ में, जहाँ भारत के नियंत्रक एवं लेखा परीक्षक द्वारा कोई टिप्पणी की गयी है, और विहित प्राधिकारी उक्त टिप्पणी से संतुष्ट है, वह उस एसेसी का पुनः कर–निर्धारण करने पर विचार कर सकता है, जिसके कर–निर्धारण अथवा पुनः कर–निर्धारण, चाहे जैसा भी मामला हो, के लिए उक्त टिप्पणियाँ की गयी हैं।

यद्यपि इस धारा के अंतर्गत कोई भी आदेश तबतक पारित नहीं किया जा सकता, जबतक कि निर्धारिती को उसके पक्ष की सुनवाई का समुचित मौका नहीं दिया गया हो।

हालांकि आगे यह भी कहा गया है कि अगर विहित प्राधिकारी इन लेखा आपत्तियों से संतुष्ट नहीं है तो : इस संबंध में आयुक्त की राय अथवा उनका दृष्टिकोण अंतिम रूप से मान्य होगा।

14. कर–निर्धारण की कार्यवाही पूरी किए जाने के लिए निर्धारित सीमावधि :–

धारा 11 की उपधारा (5) और धारा 13 की उपधारा (1) और (2) के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के अतिरिक्त इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारिती द्वारा देय कर की राशि के मूल्यांकन के लिए, उक्त अवधि की समाप्ति से लेकर समाप्ति के दो वर्ष पहले की अवधि को छोड़कर, इस संदर्भ में किसी भी अवधि के शुरू होने या इसके अंत तक कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी।

यद्यपि, किसी अपील, संशोधन और संदर्भ अथवा पुनरीक्षण पर किसी आदेश के जारी किए जाने पर अथवा इसके संदर्भ में पुनः मूल्यांकन की कोई भी कार्यवाही विहित प्राधिकारी को जारी किए गए आदेश संबंधी संपर्क की तिथि से लेकर समाप्ति की अवधि के दो वर्ष पहले तक आरंभ और पूरी की जा सकती है।

हालांकि आगे यह भी प्रावधान है कि कर–निर्धारण अथवा पुनःकर–निर्धारण जो भी मामला हो, के लिए निर्धारित तिथि की गणना के उस तिथि की गिनती नहीं की जाएगी जब ऐसी किसी कर–निर्धारण अथवा पुनः कर–निर्धारण की

कार्यवाही फैसले के लिए रुकी हुई थी अथवा सक्षम अदालत के आदेश से रोक दी गयी थी।

15. कर–वापसी :– विहित प्राधिकारी द्वारा निर्देशित तरीके से और अन्यायपूर्ण कार्यवाही से बचते हुए निर्धारिती अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा, जिसपर इस अधिनियम के अंतर्गत कर की अदायगी देय है, और जिसने उस राशि से अधिक का भुगतान कर दिया है, ऐसी किसी भी राशि को वापस किया जा सकता है।

16. कर की वसूली :– (1) इस अधिनियम की धारा 3, 5, 11, 12 और 13 के अंतर्गत देया किसी प्रकार का जुर्माना और ब्याज सहित कोई भी कर की राशि अगर भुगतान नहीं की जाती है तो उसकी वसूली निम्नांकित तरीके से की जाएगी :–

(क) निर्धारिती द्वारा जमा किए गए विवरणी के अनुसार कर की बकाया राशि, जिसमें धारा 4 के अंतर्गत उक्त कर सहित ब्याज और जुर्माने का पूरा भुगतान नहीं किया गया है, अथवा

(ख) धारा 11 अथवा 12 अथवा 13 के अंतर्गत आकलित अथवा पुनः आकलित कर अथवा किसी अपील, संशोधन, संदर्भ अथवा पुनरीक्षण पर जारी किए गए आदेश के संदर्भ में अथवा इसके बाद अगर निर्धारिती ने कुल देय राशि, अगर कोई हो, से कम राशि जमा की है, अथवा

(ग) इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अगर कोई जुर्माना लगाया गया है, तो इसे एसेसी द्वारा सरकारी खजाने में अथवा ऐसे किसी भी दूसरे तरीके से जमा किया जाना चाहिए जिसके लिए विहित प्राधिकारी द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में उक्त तिथि को उल्लिखित किया गया है, और जिसके लिए उल्लिखित तिथि, सामान्य रूप से, उस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 30 दिन से कम ना हो।

यद्यपि, उस स्थिति में, जहाँ विहित प्राधिकारी इसे राज्य के राजस्व के हित के लिए आवश्यक समझता है, जिसके लिए किसी भी एसेसी अथवा व्यक्ति को भुगतान के लिए कहा गया है, और जिससे संबंधित कारणों को लिखित रूप से दर्ज कर लिया गया है।

(2) अगर कोई निर्धारिती बगैर किसी उचित कारण की उपधारा (1) के अंतर्गत जारी की गयी अधिसूचना में उल्लिखित तिथि तक कर का भुगतान करने में असफल रहता है अथवा तत्संबंधी प्रावधानों की आवश्यकता के अनुसार अथवा इसी प्रकार धारा (5) की उपधारा (2) के अंतर्गत बढ़ायी गयी तिथि तक कर का भुगतान करने में असफल रहता है अथवा वह बढ़ायी गयी अंतिम तिथि तक किश्तों के भुगतान नहीं कर पाता है, तो विहित प्राधिकारी उसे यह निर्देश जारी कर सकता है कि वह ऐसी असफलताओं के लिए, उक्त तिथि के समाप्त होने के पहले तीन महीने के अंदर एक धनराशि, जो कर की कुल राशि का पाँच प्रतिशत तक हो सकता है और इसके बाद प्रत्येक आगामी माह के लिए 10 प्रतिशत अथवा उसका आंशिक हिस्सा, विहित तरीके से जुर्माने के रूप में लगाए।

(3) इस अधिनियम के अंतर्गत लगाया गया कोई भी अन्य कर, ब्याज अथवा जुर्माना, जिसका भुगतान उपधारा (1) के अंतर्गत जारी की गयी अधिसूचना में उल्लिखित तिथि के बाद भी नहीं किया जाता है अथवा उपधारा (2) के अंतर्गत लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं होता है तो वसूली की किसी अन्य तरीके को आजमाए बगैर इसकी वसूली इस प्रकार की जा सकती है:

(क) जैसे कि यह किसी भूमि राजस्व की बकाया राशि हो, अथवा

(ख) जैसे कि किसी न्यायिक दंडाधिकारी के पास अपील करने पर, उस दंडाधिकारी द्वारा उसपर कोई जुर्माना लगाया गया हो, और

(ग) किसी निर्धारिती के मामले में राज्य सरकार द्वारा एसेसी को देय धन राशि से उक्त राशि को घटा दिया गया हो।

17. वसूली की विशेष रीति :– (1) इस अधिनियम में वर्णित सभी निर्देशों के अतिरिक्त अथवा कोई कानून अथवा अनुबंध की स्थिति में, कर–निर्धारण अथवा पुनः कर–निर्धारण और कर की वसूली के लिए अधिकृत प्राधिकारी, इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी समय लिखित सूचना (जिसकी एक प्रति निर्धारिती अथवा जिस व्यक्ति पर कर की देनदारी बनती है, को भी दी जाएगी) जारी कर यह निर्देश दे सकता है कि:–

(क) कोई भी व्यक्ति, जिसके पास एसेसी अथवा उस व्यक्ति के खाते की, जिसपर कर और ब्याज की देननारी बनती है, कोई भी धनराशि मौजूद है अथवा आगे हो सकती है, अथवा

(ख) कोई भी व्यक्ति, जिसके पास निर्धारिती अथवा उस व्यक्ति के खाते की, जिसपर कर और ब्याज की देननारी बनती है, कोई भी धनराशि बकाया है अथवा आगे हो सकता है, और जिसने माँग की अधिसूचना में निर्धारित तिथि तक भुगतान करने में असफल रहा है, तो उक्त माँग की अधिसूचना के अनुसार ऐसे एसेसी अथवा व्यक्ति, जिसके संदर्भ में किसी भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई भी तिथि आगे नहीं बढ़ायी गयी है, को देय कर अथवा ब्याज की राशि का भुगतान, या तो तत्काल अथवा जिस तिथि को राशि बकाया होती है, उतनी धनराशि एसेसी अथवा जिस व्यक्ति पर कर देय है, उतनी राशि सरकारी खजाने में उसी प्रकार करना होगा, जैसा कि कर के भुगतान के लिए निर्देशित किया गया है।

(2) उपधारा (1) के अंतर्गत अधिसूचना जारी करनेवाला प्राधिकारी, किसी भी समय, ऐसी किसी अधिसूचना को संशोधित या रद्द कर सकता है और अधिसूचना के संदर्भ में भुगतान की तिथि को आगे बढा सकता है।

(3) कोई भी व्यक्ति जो उपधारा (1) के अंतर्गत जारी की गयी अधिसूचना के संदर्भ में किसी प्रकार का भुगतान करता है उसके संदर्भ में यह समझा जाएगा कि उसने एसेसी के प्राधिकार के अंतर्गत उस राशि का भुगतान किया है और सरकार के राजकोष से उसे इसके लिए रसीद की प्राप्ति हुई है, जिसमें वह अधिकतम राशि उल्लिखित है जो निर्धारिती के साथ उस व्यक्ति के देनदारी से मुक्त होने का पर्याप्त और अच्छा विकल्प है।

(4) कोई भी व्यक्ति, जो उपधारा (1) के अंतर्गत जारी की गयी अधिसूचना के बाद भी अगर अपनी देनदारी से मुक्त नहीं होता है, तो वह व्यक्तिगत रूप से राज्य सरकार को कर अथवा जुमाने की राशि अदा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(5) अगर वह राशि, जिसके लिए किसी व्यक्ति पर उपधारा (4) के अंतर्गत राज्य सरकार के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भुगतान करने की जवाबदेही तय हुई है, और इस राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो इसकी वसूली उस व्यक्ति से बकाया भूमि राजस्व के रूप में की जाएगी।

(6) अगर कोई व्यक्ति इस धारा की उपधारा (4) के अंतर्गत दिए गए प्रावधानों में से किसी का भी उल्लंघन करता है, तो विहित प्राधिकारी इस मामले की सुनवाई के लिए लिखित रूप से समुचित अवसर देने के बाद यह निर्देश जारी कर सकता है कि उसे उपधारा (1) के अंतर्गत भुगतान की जानेवाली राशि के दोगुने से ज्यादा नहीं, का भुगतान जुर्माने के रूप में करना होगा।

18. व्यवसाय के हस्तांतरण की स्थिति में कर अदायगी की जवाबदेही :– (1) जब एसेसी के व्यवसाय का मालिक इस अधिनियम के अंतर्गत कर के भुगतान के लिए उत्तरदायी होता है, और वह अपने व्यवसाय का संपूर्ण हस्तांतरण करता है तो, हस्तांतरण करने वाला और जिसके नाम हस्तांतरण हो रहा है, दोनों संयुक्त रूप

से और हर हाल में उक्त व्यवसाय के संदर्भ में कर और जुर्माना, अगर कोई हो, का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा और अगर हस्तांतरण के समय तक ऐसा नहीं किया जाता है तो हस्तांतरण प्राप्त करने वाला व्यक्ति स्वयं भी हस्तांतरण की तिथि को या उसके बाद और आगे जब कभी वह पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करता है, जबतक कि उसके पास पहले से ऐसा कोई प्रमाणपत्र मौजूद नहीं है,

वह हस्तांतरणकर्ता द्वारा की जानेवाली बिक्री अथवा उपभोग के लिए कर का भुगतान करने के प्रति उत्तरदायी होगा।

(2) धारा 7 के अंतर्गत छूट दिए जाने के संदर्भ में, जब कोई एसेसी या एसेसी के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति इस अधिनियम के अंतर्गत कर भुगतान के लिए उत्तरदायी होता है, अगर वह व्यवसाय के मालिकाना हक अथवा व्यवसाय का आंशिक हस्तांतरण करता है तो हस्तांतरणकर्त्ता उस हिस्से के हस्तांतरित व्यवसाय के लिए कर के भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा।

19. धारा 3 और 5 के अंतर्गत कर के भुगतान के प्रति जवाबदेह व्यक्ति की भंग कंपनी अथवा उसके संघ का दायित्व :— जहाँ एसेसी या कोई अन्य व्यक्ति, जिसपर धारा 3 और 5 के अंतर्गत कर के भुगतान के प्रति जवाबदेही बनती है, और उस फर्म अथवा व्यक्तियों के संघ को भंग या समाप्त कर दिया जाता है, चाहे जो भी मामला हो,

(1) इस अधिनियम के अंतर्गत ऐसी फर्म या व्यक्तियों के संघ द्वारा देय कर की स्थिति में ऐसी आकलित विघटन अथवा भंग करने की संभावित तिथि तक, अगर विघटन या भंग करने की प्रक्रिया को अंजाम नहीं दिया जाता है, तो इस अधिनियम के अनुसार सभी प्रावधान उनपर उसी प्रकार लागू होंगे, और

(2) प्रत्येक व्यक्ति, जो ऐसी विघटन अथवा भंग करने की प्रक्रिया को अंजाम देते समय उस फर्म का सदस्य अथवा साथी अथवा व्यक्तियों का संघ, जो उस विघटन या भंग करने की प्रक्रिया के बावजूद अपनी जवाबदेही नहीं पूरी करता है, तो इस अधिनियम के अंतर्गत ऐसी फर्म अथवा व्यक्तियों के समूह को संयुक्त रूप से कर सहित जुर्माना, अगर कोई हो, का भुगतान करना होगा, चाहे ऐसी विघटन अथवा भंग किए जाने की प्रक्रिया के पहले अथवा बाद में किसी प्रकार का मूल्यांकन किया गया हो अथवा नहीं।

20. अपील :— (1) कोई एसेसी अथवा अन्य व्यक्ति इस अधिनियम के अथवा इसमें दिए गए प्रावधानों अंतर्गत जुर्माने के साथ या जुर्माने के बगैर पास किए गए मूल्यांकन अथवा पुनः मूल्यांकन के आदेश का, विहित अवधि के अंदर और निर्देशित तरीके से विरोध करता है, तो ऐसे मूल्यांकन अथवा पुनः मूल्यांकन अथवा जुर्माने अथवा दोने के आदेश के विरोध में विहित प्राधिकारी के पास अपील कर सकता है।

यद्यपि, उस स्थिति में ऐसे प्राधिकारी द्वारा किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा जबतक कि उसे यह पुष्टि नहीं हो जाएगी कि आकलित कर का बीस प्रतिशत अथता उतनी राशि का कर, जैसा कि अपीलकर्ता स्वीकार करता है कि उसके पास बकाया है, जो भी ज्यादा हो, उस राशि का भुगतान कर दिया गया है।

(2) ऐसे प्रावधानों के अनुसार, जैसाकि निर्देशित किया गया हो सकता है, अपील की सुनवाई करनेवाला अधिकारी, उपधारा (1) के अंतर्गत उस अपील के मामले का निपटारा इस प्रकार सकता है —

(क) मूल्यांकन अथवा जुर्माने के आदेश, अथवा दोनों की, पुष्टि कर सकता है, कम कर सकता है, बढ़ा सकता है अथवा रद्द कर सकता है, अथवा

(ख) उस मूल्यांकन 'अथवा जुर्माने के आदेश, अथवा दोनों को दरकिनार कर कर–निर्धारण करनेवाले प्राधिकारी को, तत्संबंधी जानकारी प्राप्त करने के बाद, नए सिरे से कर–निर्धारण करने का निर्देश दे सकता है, जैसा कि अपील की सुनवाई करने वाले प्राधिकारी ने निर्देशित किया होगा।

21. पुनरीक्षण :– (1) उन निर्देशित प्रावधानों के अनुसार, जिसे इस अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत की गयी अपील के बाद जारी किया गया है, आवेदन करने पर न्यायाधिकरण द्वारा पुनरीक्षित किया जा सकता है।

(2) उपरोक्त विषयक इस अधिनियम के अंदर पारित किया गया कोई भी प्रावधान अथवा इसके अंतर्गत बनाया गया कोई भी नियम, जो उस आदेश से अलग है जिसके विरोध में धारा 20 के अंतर्गत अपील दायर की गयी है, आवेदन करने पर इसे संशोधित किया जा सकता है –

(ए) संबंधित प्रमण्डल के संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) द्वारा, जब उक्त आदेश को उपायुक्त के स्तर से अधिक किसी प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया है, और

(बी) न्यायाधिकरण द्वारा, जब उक्त आदेश को आयुक्त अथवा संयुक्त आयुक्त द्वारा जारी किया गया है।

(3) आयुक्त : आवेदन करने पर अथवा स्वेच्छा से, इस अधिनियम या इसमें दिए गए प्रावधानों के अंतर्गत अपने किसी अधीनस्थ प्राधिकारी द्वारा पारित किए गए आदेश को संशोधित कर सकता है,

यद्यपि, आयुक्त अथवा संयुक्त आयुक्त द्वारा एसेसी के आवेदन पर कर–निर्धारण के किसी भी आदेश को तबतक संशोधित नहीं किया जाएगा जबतक कि धरा 20 की उपधारा (2) के अंतर्गत ऐसे आदेश के संदर्भ में पहले से कोई आदेश जारी नहीं किया गया हो।

हालांकि, यह प्रावधान भी है कि इस अधिनियम के अंतर्गत आयुक्त द्वारा, विहित प्राधिकारी द्वारा किए गए किसी मूल्यांकन अथवा जुर्माना अथवा दोनों लगाने पर संशोधन के लिए किए गए आवेदन पर, ऐसे एसेसी/व्यक्ति को आकलित कर के दस प्रतिशत से अधिक नहीं, की राशि अथवा लगाया गया जुर्माना अथवा दोनों जमा करने का निर्देश दिया जा सकता है।

(4) इस धारा के अंतर्गत कोई भी आदेश तबतक पारित नहीं किया जा सकता है जबतक कि अपीलार्थी, और साथ ही जिस प्राधिकारी के आदेश को संशोधित किए जाने की आवश्यकता है, अथवा उसके किसी प्रतिनिधि के पक्ष की सुनवाई के लिए मौका नहीं दिया गया हो।

22. पुर्नविलोकन :– इस अधिनियम के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार धारा 2 के साथ धारा 7 भी पढ़े, के अनुच्छेद (सी) और (आर) में वर्णित कोई प्राधिकारी अथवा ट्राइब्यूनल ऐसे किसी आदेश की समीक्षा कर सकता है, अगर वह समीक्षा उक्त प्राधिकारी अथवा ट्राइब्यूनल के दृष्टिकोण में, चाहे जैसा भी मामला हो, इसमें त्रुटि की वजह से रिकार्ड में लेने योग्य ना होने पर आवश्यक हो।

यद्यपि, ऐसी कोई भी समीक्ष पर विचार नहीं होगा, जिसके अंदर कर अथवा जुर्माना अथवा दोनों को बढ़ाने अथवा रिफंड को कम करने की गुंजाइश हो, जबतक कि उक्त प्राधिकारी अथवा न्यायाधिकरण द्वारा, चाहे जैसा भी मामला हो, निर्धारिती को उसके पक्ष की सुनवाई के लिए पर्याप्त मौका ना दिया गया हो।

23. न्यायिक क्षेत्राधिकार :– यद्यपि, जैसाकि धारा 20, 21, 22 और 25 के प्रावधानों में उल्लिखित है, इस अधिनियम के अंतर्गत पारित किया गया कोई भी आदेश अथवा की गयी कोई भी कार्रवाई, इस अधिनियम के अंतर्गत नियुक्त अथवा तैयार किसी भी प्राधिकारी द्वारा बनाया गया कोई नियम या जारी की गयी कोई सूचना,

को किसी भी अदालत में कार्रवाई के लिए बुलाया जा सकता है, और जैसा कि उक्त धारा के प्रावधानों में उल्लिखित है, ऐसे किसी भी आदेश के विरोध में कोई भी अपील नहीं की जा सकती है।

24. इन्डेम्निटी :– इस अधिनियम की धारा 2 और 7 के अनुच्छेद (सी) और (आर) में उल्लिखित कोई भी सरकारी कर्मचारी, अथवा कोई अधिकारी अथवा अथवा व्यक्ति पर कोई भी सम्मन, सुनवाई अथवा अन्य कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती, जिसमें इस अधिनियम अथवा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार किसी की भलाई के लिए अथवा भलाई की मंशा छिपी है।

25. उच्च न्यायालय को भेजे गए मामले का विवरण :– (1) धारा 20 के अंतर्गत किसी भी आदेश के न्यायाधिकरण द्वारा पारित होने के 90 दिनों के अंदर, वह निर्धारिती जिसके संदर्भ में आदेश पारित किया गया है, अथवा आयुक्त, लिखित आवेदन देकर, एक हजार रुपए के शुल्क सहित, जहाँ ऐसा आवेदन एसेसी द्वारा किया गया है, अगर ऐसे आदेश से कानून के उल्लंघन का कोई प्रश्न खड़ा हो जाता है, जिसके लिए न्यायाधिकरण को उच्च न्यायालय में रेफर किए जाने की आवश्यकता महसूस होती है।

(2) अगर, लिखित रूप से दर्ज किए जानेवाले कारणों से, न्यायाधिकरण उन संदर्भों पर विचार करने से मना कर देता है, तो आवेदनकर्ता, ऐसे आदेश के पारित होने के 45 दिनों के अंदर, या तो –

(ए) अपना आवेदन वापस ले सकता है अथवा जो आवेदनकर्ता ऐसा करता है, एक एसेसी है, उसके द्वारा जमा कराया गया फीस उसे वापस कर दिया जाएगा, अथवा

(बी) ऐसी अस्वीकृतियों के विरुद्ध उच्च न्यायार्लय में अपील दायर किया जा सकता है।

(3) अगर उपधारा (2) के अनुच्छेद (बी) के अंतर्गत किसी आवेदन की प्राप्ति पर उच्च न्यायालय इस बात से संतुष्ट नहीं होता है कि यह अस्वीकृति जायज है, इसके लिए न्यायाधिकारण को एक केस दायर करने और इसे उच्च न्यायालय को अग्रसारित करने को कह सकता है, और ऐसी याचिका के प्राप्त होने पर न्यायाधिकरण द्वारा केस दायर करने के बाद बताए गए अनुसार इसे अग्रसारित कर दिया जाएगा।

(4) अगर उच्च न्यायालय इस बात से संतुष्ट नहीं है कि इस अधिनियम के अंतर्गत अग्रसारित किया गए किसी मामले में, की गयी टिप्पणियाँ, इसके संदर्भ में सवाल खडे किए जाने के लिए पर्याप्त कारण बनती हैं, तो यह मामले को वापस न्यायाधिकरण के पास इस संदर्भ में ऐसी कोई टिप्पणी जोड़ सकती है या इसमें सुधार कर सकती है, जैसा कि अदालत ने दस मामले में निर्देशित किया है।

(5) उच्च न्यायालय ऐसे किसी भी मामले में सुनवाई के समय यह तय कर सकती है कि इसके संदर्भ में कानून के उल्लंघन का सवाल खड़ा होता है, और वह इस संदर्भ में अपना फैसला सुना सकती है, जिसमें उन आधारों का जिक्र होगा जिसपर यह निर्णय लिया गया है, और साथ ही इस फैसले की एक प्रति अदालत की मुहर और रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर के साथ न्यायाधिकरण को भेज सकती है, और तब न्यायाधिकरण, फैसले की टिप्पणियों के अनुसार जहाँ आवश्यक होगा, अपने आदेश में संशोधन कर सकता है।

(6) इस धारा के अंतर्गत जहाँ उच्च न्यायालय को कोई संदर्भ दिया गया है, उपधारा (1) में संदर्भित लागत सहित फीस का भुगतान, अदालत के निर्देश के अनुसार होगा।

(7) कर की राशि का भुगतान, जुर्माना सहित, अगर कोई हो, इसे न्यायाधिकरण के आदेश के अनुसार, जिसके संदर्भ में इस धारा के अंतर्गत कोई आवेदन किया गया है, तो ऐसे आवेदन अथवा इससे संबंधित किसी संदर्भ में भुगतान को लंबित नहीं रखा जा सकता है।

